सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 119 | इंदौर, गुरुवार 13 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मप्र में बड़ा फर्जीवाड़ा!

## फेक डिग्री-डिप्लोमा से बने सरकारी शिक्षक, प्रदेश में टीचर गैंग का खुलासा

STF ने 8 पकड़े



**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के शिक्षा विभाग में भर्ती के नाम पर एक बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर होने से हलचल मच गई है। यहां पर करीब तीन दर्जन से अधिक लोगों ने फर्जी दस्तावेज लगाकर सरकारी नौकरी पा ली और मजे से नौकरी कर रहे थे। इस फर्जीवाड़ा का खुलासा पुलिस की स्पेशल ब्रांच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने किया है।

बताया जा रहा है कि लोगों ने नकली और कूटरचित डीएड (डिप्लोमा इन एजुकेशन) अंकसूचियों के आधार पर सरकारी शिक्षक की नौकरी पा ली। इनमें से ग्वालियर जिले के 8 शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर की गई है। वहीं, अन्य 26 संदिग्धों की जांच की जा रही है।

### फर्जी टीचर गैंग का पर्दाफाश

यह बात सामने आ रही है कि इस फर्जीवाड़ा में एक संगठित गिरोह सक्रिय था, जो सरकारी भर्ती में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने प्रदेश में संगठित अपराध और शिक्षा विभाग से जुड़े फर्जीवाड़ों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### एसटीएफ ने की कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार मध्यप्रदेश एसटीएफ के पास एक सूचना पहुंची थी। इसके अनुसार, प्रदेश के कई जिलों में फर्जी डीएड मार्कशीट लगाकर शिक्षक पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। यह पता लगते ही एसटीएफ ग्वालियर इकाई की एक विशेष टीम ने गोपनीय जांच शुरू की। जब उनके दस्तावेजों की जांच की गई तो कागजात न तो संबंधित शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी थे और न ही वैध क्रमांक से मेल खाते थे। जिन अंकसूची का उपयोग किया गया, वह पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर जारी हो चुकी थी।

### फर्जी तरीके से नौकरी पाने वाले शिक्षक

एसटीएफ की प्रारंभिक जांच में ग्वालियर जिले के आठ शिक्षकों की अंकसूचियां फर्जी मिली है। बताया जाता है कि इन सभी ने कथित रूप से नकली डीएड की मार्कशीट का उपयोग कर सरकारी नौकरी हासिल की। इन शिक्षकों में लोकेंद्र सिंह, रूबी कुशवाह, रविन्द्र सिंह राणा, अर्जुन सिंह चौहान, गंधर्व सिंह रावत, साहब सिंह कुशवाह, बृजेश रोरिया, महेन्द्र सिंह रावत शामिल हैं। इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, अन्य 26 संदिग्धों के खिलाफ जांच जारी है। इनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। वहीं, एसटीएफ की इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

अब हर महीने 1500 रुपए ही मिलेंगे

# लाड़ली बहना योजना ने बहनों का जीवन ही नहीं, प्रदेश के भविष्य की बदल दी है दिशा : मुख्यमंत्री

● एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1857 करोड़ रूपये प्रोत्साहन अंतरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी।** मध्यप्रदेश की लाड़ली बहना योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सिवनी से राज्यभर की महिलाओं के खातों में 1500 रुपये की बढ़ी हुई किस्त ट्रांसफर की। अब तक हितग्राहियों को 1250 रुपये प्रतिमाह दिए जाते थे, हाल ही में कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसमें 250 रुपये की वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री ने एक क्लिक में 1 करोड़ 26 लाख 36 हजार महिलाओं के खातों में कुल 1587 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नारी हर रूप में समर्पण का प्रतीक है। इनके कल्याण के लिए हमने जो भी कहा वह करके दिखाया है। बहनों के कल्याण के संकल्प की दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भाईदूज पर लाड़ली बहना योजना की राशि 1250 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए करने का वादा किया था। आज उसे निभाने का सौभाग्य अवसर आ चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की कुल 30 किश्तों में से 23 किश्तें बहनों को भेजने का शुभ अवसर आया। उन्होंने कहा कि इस योजना ने बहनों का जीवन ही नहीं, मध्यप्रदेश के भविष्य की दिशा भी बदल दी है। लाड़ली बहना योजना अब मदद की नहीं, मौका देने की योजना बन गई है। सहयोग के भाव से शुरू हुई यह योजना अब सफलता के सूत्र में बदल गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि हमारी बहनों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है। यह हर बहन के सम्मान और सशक्त मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में हमारे संकल्प की पूर्ति है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हमारी हर लाड़ली बहन अपने जीवन में आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी और सशक्त बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सिवनी जिले में लाड़ली बहनों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख 36 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1857 करोड़ रुपए राशि अंतरित की। इसमें सिवनी जिले की 2 लाख 68 हजार से अधिक बहनें शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट से सिवनी जिले में कुल 560 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत वाले 114 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। इसमें सिवनी जिले में एक विधि महाविद्यालय और 4 सांदीपनि विद्यालयों सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की सौगातें शामिल हैं।




### 30 किश्तों ने बदला बहनों का जीवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों से कहा कि लाड़ली बहना योजना से सिर्फ आपका जीवन ही नहीं बदला है, मेरा दृष्टिकोण भी बदला है। नीति और नीयत कितना बड़ा बदलाव लाते हैं, यह बहनों की नई-नई कहानियां सुनने से पता चलता है। इस योजना की राशि से किसी बहन ने अपना छोटा व्यापार शुरू किया, किसी बहन ने अपने बच्चे की पढ़ाई में मदद की तो किसी ने इन पैसों से हुनर सीखा। इस योजना ने केवल बहनों का जीवन ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश के भविष्य की दिशा बदल दी है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मंडला संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, बरघाट विधायक श्री कमल मर्सकोले, पूर्व सांसद श्री ढालसिंह बिसेन, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक श्री राकेश पाल, श्रीमती मीना बिसेन, श्री वैभव पवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आईं लाड़ली बहनें उपस्थित थीं।

# बिना मुआवजा टूटेंगे 200 साल पुराने मकान-दुकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के मध्य क्षेत्र में स्थित जिंसी चौराहे के आसपास की सड़कों का नए मास्टर प्लान के मुताबिक चौड़ीकरण होना है। यहां की सड़कें 79 फीट चौड़ी की जाएंगी। जिंसी चौराहे से रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा और नेमीनाथ चौराहे से जिंसी चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण प्रस्तावित है। हाल ही में नगर निगम ने लोगों को मकान खुद हटाने के नोटिस दिए हैं और अब लगातार विरोध बढ़ रहा है। रहवासी दोनों ही सड़कों के चौड़ीकरण का लगातार विरोध कर रहे हैं।**

उनका कहना है कि सड़क की चौड़ाई में हमारे मकान और दुकानें लगभग समाप्त हो जाएंगे। नेताओं और अधिकारियों को इस पर विचार करना चाहिए। इससे हजारों लोगों का रोजगार खत्म हो जाएगा और पूरे क्षेत्र की संस्कृति का नुकसान होगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृपाशंकर शुक्ला का घर भी इसी क्षेत्र में है। अमर उजाला से बातचीत में उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण व्यावहारिक होना चाहिए। लगभग 80 फीट सड़क चौड़ी की जा रही है। इसमें तो पूरा क्षेत्र ही बर्बाद हो जाएगा। यह कारोबार का मुख्य क्षेत्र है। पूरा बाजार ही समाप्त हो जाएगा। हमने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की है, हमें उम्मीद है कि इसे सोच समझकर ही अमल में लाया जाएगा। गौरतलब है कि यह क्षेत्र मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र में आता है। इस क्षेत्र में अधिकतर मकान 100 से 200 साल पुराने हैं। सभी ने होलकरों के समय यहां की जमीनों के सौदे किए थे और बाद में नगर निगम के अस्तित्व में आने पर नक्शे पास करवाए। इसके बाद मास्टर प्लान आया और उसमें इस क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण की बात तय की गई। रहवासियों का कहना है कि हमारे घर और दुकान का एक इंच भी अवैध नहीं है। बिना मुआवजा दिए इस तरह से तोड़फोड़ करना और हमारे रोजगार खत्म करना बिल्कुल गलत है। हम इस निर्णय के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे। क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर रहवासी सड़कों को 60 फीट तक चौड़ी करने के लिए राजी हैं। दुकानदारों का भी कहना है कि इससे हमारी दुकानों का कुछ हिस्सा बच जाएगा और हमें व्यापार करने के लिए जगह मिल जाएगी। यदि पूरी दुकानें ही खत्म हो गई तो हम क्या करेंगे। हमारे पूरे परिवार इन दुकानों की आय पर ही जीवित हैं।

कलेक्टर ने बस ऑपरेटरों को दी चेतावनी

# 15 साल पुराने वाहन बंद, बसों में पैनिक बटन अनिवार्य

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुधवार को बस ऑपरेटरों की बैठक में स्पष्ट कहा कि "यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस संचालन ऐसा हो जिससे किसी यात्री को असुविधा या परेशानी न हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

"उन्होंने निर्देश दिए कि बसों में जीपीएस, पैनिक बटन, लाइट, पीने का पानी, फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र पूरी तरह कार्यशील रहें। यातायात नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए और बस स्टाफ अनुशासन में रहे। बैठक का उद्देश्य शहर में यातायात की सुगमता, यात्रियों की सुरक्षा और बस स्टाफ के आचरण में सुधार लाना था। कलेक्टर ने कहा कि बस स्टाफ यात्रियों से शालीन और सद्व्यवहार करें, नशे का सेवन न करें और यूनिफॉर्म में रहें। बसों की लाइट, जीपीएस, पैनिक बटन और सेफ्टी इक्विपमेंट्स हमेशा चालू स्थिति में रहें। सभी वाहनों की फिटनेस और ड्राइविंग लाइसेंस की नियमित जांच अनिवार्य की गई है। कलेक्टर वर्मा ने चेतावनी दी कि बस चालक या स्टाफ द्वारा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन या यात्रियों से अभद्र व्यवहार पर कड़ी कार्रवाई



होगी। बसों में ज्वलनशील पदार्थ जैसे पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, पटाखे या किसी भी विस्फोटक सामग्री का परिवहन सख्त वर्जित रहेगा। साथ ही बसों में दो दरवाजे और एक आपातकालीन द्वार बिना किसी अवरोध के खुलने योग्य होना जरूरी होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी बसों में स्पीड गवर्नर, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) और पैनिक बटन सही तरीके से कार्यरत रहें। टायर पूरी तरह सही स्थिति में हों, किसी प्रकार के घिसे, कटे या रीमोल्ड टायर न लगाए जाएं।बस में फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध हो, जिसमें सभी जरूरी और वैध (नॉन-एक्सपायर्ड) दवाइयां मौजूद हों। वाहन के आगे बायीं ओर विंडस्क्रीन पर बीमा, फिटनेस, परमिट क्रमांक और वैधता लाल रंग से स्पष्ट रूप से लिखे जाएं। सीट नंबर 11 से 16 - केवल महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी।दरवाजे के पास की दो सीटें- दिव्यांग यात्रियों के लिए निर्धारित की जाएंगी।चालक के पीछे पहली सीट - नवजात शिशु की माता के लिए आरक्षित होगी, जिसे तीन ओर से पर्दे से ढंका जाएगा ताकि गोपनीयता बनी रहे। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहन सड़क पर नहीं चलेंगे।

बस मालिक अपनी बसों की सुरक्षा जांच स्वयं करें और सभी सेफ्टी उपकरणों की नियमित देखरेख करें। निर्देशों का उल्लंघन या किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में बस ऑपरेटर ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। जांच अभियान में किसी भी कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उज्जैन रोड पर की गई स्कूली बसों की जांच, 11 बसों पर 55 हजार रूपये का लगाया गया जुर्माना

● बिना परमिट संचालित पाए जाने पर एक बस जप्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर इंदौर जिले में स्कूली बसों की लगातार सघन जाँच की जा रही है तथा नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को उज्जैन रोड स्थित विभिन्न स्कूलों की बसों की चेकिंग की गई। इस दौरान तीन विद्यालय — मॉडर्न स्कूल, माउंट कार्मेल स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक एलीमेंट्री स्कूल के बसों की जांच की गई। जांच के दौरान सुरक्षा मानकों, परमिट, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, अग्निशमन यंत्र आदि की स्थिति का निरीक्षण किया गया। कुल 11 बसों में विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर 55 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। एक बस बिना परमिट संचालित पाए जाने पर उसे जप्त किया गया। चेकिंग के दौरान निरीक्षण दल ने बसों में यात्रा कर रहे विद्यार्थियों से भी ड्राइवरों एवं परिचालकों के व्यवहार तथा बस संचालन संबंधी फीडबैक प्राप्त किया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा द्वारा बताया गया कि छात्र सुरक्षा सर्वोपरि है तथा विद्यालय बसों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में आगामी दिनों में भी ऐसी आकस्मिक जांच जारी रहेगी।

● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर भिक्षावृत्ति के विरुद्ध रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर की गई कार्रवाई

# भिक्षावृत्ति करने वाले 22 लोगों का रेस्क्यू कर आश्रय स्थल पर भेजा गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग की रेस्क्यू टीम द्वारा सरवटे बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर भिक्षावृत्ति की जानकारी प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई की गई। बताया गया कि सरवटे बस स्टैंड पर भिक्षावृत्ति करने वाले आठ लोगों को रेस्क्यू कर रेन बसेरा में आश्रय प्रदान किया गया। साथ ही दल ने रात्रि 12 बजे रेलवे स्टेशन तक अभियान चलाकर लगभग 14 भिक्षावृत्ति करने वाले लोगों को रेस्क्यू किया। साथ ही लगभग आठ लोगों को समझाइश देकर अपने मूल स्थानों पर भेजा गया। भिक्षावृत्ति में संलिप्त पाये गए लोगों में उज्जैन एवं देवास



जिले के रहने वाले व्यक्ति थे। रेलवे पुलिस बल द्वारा बताया गया कि रेलवे स्टेशन में इन भिक्षुओं द्वारा लगातार भिक्षावृत्ति की जा रही थी और महीनों से यहां पर डेरा डालकर रह रहे थे। साथ ही कुछ भिक्षुकों द्वारा रात्रि में लगातार शराब पीकर हंगामा करने की शिकायतें रेलवे स्टेशन में लगातार आ रही थी।

महिला एवं बाल विकास के रेस्क्यू दल के नोडल अधिकारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन एवं सरवटे बस स्टैंड में संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। जिसमें लगभग 25 से 30 सदस्य शामिल थे। यहां पर महिला एवं बाल विकास के साथ ही नगर निगम, श्रम विभाग, होमगार्ड विभाग, रेलवे पुलिस तथा एनजीओ के सदस्य शामिल थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और ऐसे स्थल, जहां पर भिक्षुओं ने अपने अस्थाई निवास बना लिए हैं, उन क्षेत्रों में भी कार्रवाई की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो कंबल या खाना बांट रहे हैं, वे सड़कों और रास्तों में वितरण करने की अपेक्षा रेन बसेरा एवं निराश्रित आश्रम, बाल आश्रम, वृद्धाश्रम में अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम में सहयोग प्रदान करें।

# संस्था 'आदित्य' द्वारा आयोजित आइकोनिक फैशन शो और एक्सीलेंस अवार्ड नाईट 14 दिसंबर को

भारतीय महिला क्रिकेट की विश्व विजेता टीम की मेंबर क्रांति गौड़ को भी पुरस्कृत किया जाएगा...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** 'आदित्य की आवाज' न्यूज इंडिया द्वारा आयोजित आइकोनिक फैशन शो और एक्सीलेंस अवार्ड नाईट का आयोजन 14 दिसम्बर रविवार को शाम 7 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री गार्डन एंड रिसोर्ट में किया जा रहा है। यह आयोजन ट्रेडिशनल व इंडियन थीम पर आधारित होगा, जिसमें देश की अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और परिवेश को प्रदर्शित किया जाएगा।संस्था के संयोजक सचिन नीमा ने बताया कि इस आयोजन के दौरान एक्सीलेंस अवार्ड नाईट



का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मीडिया, शिक्षा, व्यापार, चिकित्सा, उद्योग, और विशेष पेशे के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों का भी सम्मान किया जाएगा। इंदौर प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित टीम को किया जायेगा सम्मानित व दैनिक भास्कर के प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी को दिया जाएगा 'लाइफ अचीवमेंट अवार्ड'।

आयोजन में प्रदेश के कई जननेताओं को आमंत्रित किया गया है, साथ ही कई प्रसिद्ध मॉडल्स और सोशल मीडिया के कलाकारों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। भारतीय महिला क्रिकेट की विश्व विजेता टीम की मेम्बर क्रांति गौड़ को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

गौरतलब हैं कि क्रांति गौड़ को गत दिनों मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुरस्कृत किया गया व एक करोड़ की राशि सरकार द्वारा दी गयी हैं। यह आयोजन न केवल फैशन और संस्कृति का संगम होगा, बल्कि यह एक ऐसा मंच भी होगा जहां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील सर्व श्री राज शेखर गुप्ता, अजय पोरवाल, विकास खंडेलवाल, अजय ठाकुर, रमेश जेसवानी आदि ने की हैं।

विकसित भारत विषय पर विशेष व्याख्यान में बोले वक्ता

## महिलाओं को रोजगार और शिक्षा से ही विकसित बनेगा भारत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** आईपीएस अकादमी के इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा विकसित भारत विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. अमरकांत कौशिक (सीनियर एडवाइजर, डेलॉइट, नई दिल्ली एवं प्रोफेसर, एलएसई यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली) रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं की स्थिति पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा एवं रोजगार में सहभागिता बढ़ाना और उन्हें नीति-निर्माण स्तर पर समान अवसर प्रदान करना, विकसित भारत की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक विकास दर देश की प्रगति का पैमाना नहीं हो सकती, बल्कि संसाधनों एवं अवसरों का न्यायपूर्ण वितरण भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक सिंह कुशवाह ने कहा कि ऐसे शैक्षिक व्याख्यान विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम इंस्टीट्यूट की कल्चरल कमेटी द्वारा आयोजित किया गया, जिसका संचालन डॉ. एस.पी. त्रिपाठी एवं डॉ. गिरीश मेहरा ने किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. मृदुला सेन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पुलिस ने 8 थाना क्षेत्रों में की सर्चिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद इंदौर पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने होटलों, लॉज, धर्मशालाओं और किराए के मकानों की सघन जांच की। इस दौरान किरायेदारों और ठहरने वालों की जानकारी पुलिस को नहीं देने पर 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। यह अभियान शहर के 8 थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शहर की सुरक्षा के मद्देनज़र हर व्यक्ति को अपने किरायेदारों, कामगारों और ठहरने वालों की जानकारी थाने में देना जरूरी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बीती रात इंदौर पुलिस ने शहरभर में सुरक्षा चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने होटलों, लॉज, होस्टलों, धर्मशालाओं, किराए के मकानों



और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की। जिन लोगों ने अपने किरायेदारों या ठहरने वालों की जानकारी संबंधित थाने में दर्ज नहीं कराई थी, उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस की बीडीडीएस टीमों ने भी धार्मिक स्थलों, मॉल, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसी संवेदनशील जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत पहले ही आदेश जारी किए हैं। इसके तहत मकान मालिकों, होटल संचालकों, धर्मशालाओं और ठेकेदारों को अपने किरायेदारों, मेहमानों, मजदूरों और कामगारों की जानकारी संबंधित थाने में नियमित रूप से देना अनिवार्य है। इसी आदेश के तहत पुलिस ने अभियान चलाकर 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की, जिनमें मकान मालिक, व्यवसायी और होटल संचालक शामिल हैं।

## रांग साइट चलाने, क्षमता से अधिक सवारी भरने पर 44 ई-रिक्शा जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सड़क सुरक्षा और व्यवस्थित यातायात के मद्देनजर इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार रात शहर में संचालित ई-रिक्शा की चैकिंग का आकस्मिक अभियान चलाया। इस दौरान 55 ई-रिक्शा चेक किए गए, जिनमें से 44 को जब्त किया गया। दरअसल, ये ई-रिक्शा नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने नो-एंट्री में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों से 55 हजार रुपए समन शुल्क भी वसूल किया।**

इंदौर में 15 अक्टूबर को एक ट्रक नो-एंट्री में घुस गया था। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हुई थी और करीब 25 लोग घायल हुए थे। इसके बाद से ही इंदौर ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी है। मंगलवार रात पुलिस ने अचानक कई स्थानों पर चैकिंग पाइंट लगाए और ई-रिक्शा की जांच शुरू की।

इस दौरान कई रिक्शा रांग साइड चलते मिले, तो कुछ में नंबर प्लेट नहीं थीं। इतना ही नहीं बगैर लाइसेंस के क्षमता से अधिक सवारी भरकर ई-रिक्शा चलाए जा रहे थे। ई-रिक्शा चालक बे-तरतीब रिक्शा खड़ा कर सवारियों का इंतजार करते पाए गए, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा था। ऐसे रिक्शा चालकों पर चालान की कार्रवाई की गई है, तो 44 ई-रिक्शा को जब्त किया गया है। पुलिस ने पिछले 24 घंटे में (यानी 11 नवंबर से 12 नवंबर की सुबह तक) नो एंट्री में भारी वाहनों के आने पर 11 भारी वाहनों पर कार्रवाई की है। इन गाड़ियों से 55 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही उन्हें प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की हिदायत भी दी है। बता दें कि पुलिस द्वारा लगातार नो एंट्री में प्रवेश करने वाली गाड़ियों पर कार्रवाई की जा रही है।

## किन्नर सपना गुरु की जमानत अर्जी खारिज

इंदौर। किन्नर करिश्मा से मारपीट, जेवर और पैसे छीनने के मामले में जेल में बंद किन्नर सपना गुरु को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। उसकी ओर से लगाई गई जमानत अर्जी पर मंगलवार को जिला कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां सरकारी वकील के तर्कों से सहमत होते हुए कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान सपना की ओर से एडवोकेट ने तर्क दिए कि उसे झूठा फंसाया गया है। घटना के दौरान वह घर पर थी जिसके सीसीटीवी फुटेज भी पेन ड्राइव में पुलिस कमिश्नर को सौंपे गए हैं। उससे कोई जब्ती भी नहीं हुई है। दूसरी ओर इस मामले में फरियादी करिश्मा कुशवाह की ओर से एडवोकेट मनीष पालीवाल ने आपत्ति लेते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ सही केस दर्ज कराया गया है। उसकी ओर से राजीनामा कराने के लिए डराया-धमकाया जा रहा है इसलिए उसकी जमानत खारिज की जाए। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक योगेश जायसवाल ने जमानत आवेदन का विरोध किया कि सपना के खिलाफ 7 केस दर्ज हैं और अभी विचाराधीन हैं। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अभियोजन के तर्क से सहमत होते हुए सपना की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

**दिल्ली धमाके का महू कनेक्शन**

# महू के जवाद ने बनाया था अलफलाह विवि का ट्रस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दिल्ली धमाके का एक कनेक्शन मध्य प्रदेश के महू से जुड़ता नजर आ रहा है। ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी फरीदाबाद की जिस अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था, उसका चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी मूल रूप से महू का रहने वाला है।**

इसी यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले डॉ. उमर नबी ने i-20 कार में विस्फोटक के साथ खुद को उड़ा लिया जबकि यहीं पढ़ाने वाले डॉ. मुजम्मिल शकील को विस्फोटक जमा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस यूनिवर्सिटी को चलाने वाला अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट, महू निवासी जवाद अहमद सिद्दीकी ने ही स्थापित किया था। वही ट्रस्ट का अध्यक्ष भी है। फरीदाबाद में इस यूनिवर्सिटी की शुरुआत एक इंजीनियरिंग कॉलेज से हुई थी। जांच में यह भी सामने आया है कि







डॉ. मुजम्मिल, उमर मोहम्मद और शाहीन शाहिद पहले फरीदाबाद के इसी ट्रस्ट के अल फलाह अस्पताल से जुड़े हुए थे। बुधवार को यूनिवर्सिटी ने पहली बार बयान जारी किया। वाइस चांसलर प्रो. भूपिंदर कौर आनंद ने कहा- हमारे 2 डॉक्टर (डॉ. मुजम्मिल और शाहीन सईद) हिरासत में हैं। उनकी ड्यूटी के अलावा यूनिवर्सिटी का इससे कोई संबंध नहीं है। यूनिवर्सिटी के अंदर किसी भी तरह का केमिकल या विस्फोटक स्टोर नहीं हुआ। हमारी लैब का इस्तेमाल सिर्फ MBBS स्टूडेंट्स को पढ़ाने और ट्रेनिंग देने के लिए होता है। हर काम कानून के हिसाब से किया जाता है। जांच के दौरान पता लगा कि जवाद ने सबसे पहले अल फलाह इन्वेस्टमेंट कंपनी के नाम से कारोबार शुरू किया था। मुनाफे का लालच देकर लोगों से निवेश कराया। फिर 2001 में आर्थिक गड़बड़ी के बाद परिवार समेत दिल्ली भाग गया। फरीदाबाद में कॉलेज की नींव रखी, जो बाद में विश्वविद्यालय में तब्दील हो गई।

महू के एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने कहा- जवाद और उसके परिवार के पुराने रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी गई है। जवाद का परिवार करीब 25 साल पहले महू के कायस्थ मोहल्ले में रहता था। उसके दो भाई भी यहीं पढ़े-लिखे हैं। पिता मोहम्मद हम्माद सिद्दीकी महू के शहर काजी रह चुके हैं। उसका सौतेला भाई अफाम हत्या के मामले में जेल जा चुका है। एडिशनल एसपी द्विवेदी ने बताया कि जवाद के महू वाले घर में कोई नहीं रहता है। मुख्य गेट पर ताला लगा है। वहीं, आईजी अनुराग सिंह (ग्रामीण) ने कहा- हमें इस मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। इंक्वायरी कर रहे हैं। संबंधित रिकॉर्ड भी जुटाए जा रहे हैं।

# बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा था कैंसर हीलिंग सेंटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने पलासिया स्थित एक कैंसर हीलर सेंटर पर छापा मारा। निरीक्षण में पता चला कि हीलिंग सेंटर कई सालों से इंदौर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित हो रहा था लेकिन इनके पास किसी तरह का रजिस्ट्रेशन या दस्तावेज नहीं थे। प्रशासन ने इसे सील कर दिया है।

खास बात यह कि निरीक्षण के दौरान यहां किसी तरह का रजिस्ट्रेशन या दस्तावेज नहीं मिले। मामले में ग्वालियर के एक व्यक्ति ने शिकायत की थी की उनकी पत्नी को कैंसर के इलाज के लिए सेंटर लाया गया था लेकिन



करीब 21 लाख रुपए खर्च करने के बाद भी उनकी पत्नी की जान नहीं बची। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा को शिकायत की। गुरुवार को अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो शिकायत सही पाई गई। सेंटर में कैंसर के इलाज के नाम पर तगड़ी राशि वसूली जा रही थी जबकि इलाज के लिए पर्याप्त सुविधा ही नहीं थी। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि इस सेंटर की एक अन्य जांच जिला आयुष अधिकारी द्वारा भी की जा रही है। इसमें एक उज्जैन के व्यक्ति ने शिकायत की है। इसे लेकर एक भी जांच टीम भेजी गई थी। सेंटर मरीजों, परिजन को कहा जाता था कि 10 से 15 दिनों में इलाज का पैकेज पूरा करेंगे।

यह सेंटर 2014 से अलग-अलग स्थानों में संचालित किया जा रहा था। फिर पलासिया में 2016 से संचालित किया जा रहा है। सेंटर द्वारा किसी भी तरह की मान्यता नहीं ली गई थी। यहां जो फार्मासिस्ट हैं वे एलोपैथिक के हैं जबकि जो दवाइयां दी जा रही है वे हर्बल के नाम से दी जा रही है। मप्र में इलाज की पद्धति एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक की मान्य हैं। यहां पर इनमें से किसी भी पद्धति से इलाज नहीं किया जा रहा था। सेंटर द्वारा कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर नोटिस जारी किया जा रहा है।

## 40 साल पुराने बांधों के गेट, फुट ओवरब्रिज अपग्रेड होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के केरवा डैम के फुट ओवर ब्रिज का एक हिस्सा गिरने की घटना के बाद एमपी के सभी बांधों के गेट और फुट ओवर ब्रिज की जांच कराई जाएगी। एमपी के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने विभागीय अधिकारियों के साथ केरवा डैम का निरीक्षण करने के बाद इसके निर्देश दिए हैं। मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा केरवा डैम की तरह प्रदेश में कहीं कोई घटना न हो, इसके लिए मैंने विभागीय अधिकारियों को ये निर्देश दिए हैं कि वे सभी बांधों का फिजिकल निरीक्षण करके जांच रिपोर्ट बनाएं। मंत्री ने कहा- हमने ये निर्णय किया है कि 40 साल पुराने जो बांध हैं उनके गेट और फुट ओवर ब्रिज हैं उन्हें अपग्रेड किया जाएगा।

## मछुआ पारिश्रमिक दरों में वृद्धि की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार ने मछुआ पारिश्रमिक दरों में वृद्धि कर ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि इस बढ़ोतरी से राज्यभर के मछुआरों को हर साल करीब 3 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमदनी होगी। यह संशोधन लगभग चार साल बाद किया गया है। निर्णय का स्वागत करते हुए मछुआ समितियों के प्रतिनिधियों ने खुशी जताई। राज्यमंत्री श्री पंवार ने भदभदा मत्स्य प्रक्षेत्र में बुधवार को मध्यप्रदेश मत्स्य महासंघ (सहकारी मर्यादित) की 28वीं वार्षिक साधारण सभा में प्रदेश से आए मछुआरों को संबोधित कर रहे थे।

## 9 शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** इस साल नवंबर के पहले हफ्ते से ही मध्य प्रदेश में ठिठुरन जारी है। दिन में सर्द हवा चल रही है। रातें और सुबह ठंडी हैं। मंगलवार-बुधवार की रात एमपी के 9 शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। राजगढ़ सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अगले 4 दिन तक शीतलहर यानी कोल्ड वेव का अलर्ट है। देवास जिले में लगातार गिरते तापमान को देखते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। अब नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूल सुबह 10 बजे से पहले नहीं खुलेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## यूथ कांग्रेस का चुनाव विवादों में घिर गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** एमपी यूथ कांग्रेस का चुनाव विवादों में घिर गया है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में सबसे ज्यादा वोट पूर्व मंत्री और जबलपुर से विधायक लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया को मिले हैं। वोटों की गिनती के बाद भी चुनाव प्रक्रिया को लेकर युवा कांग्रेस के नेता ही नाराज हैं। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा से कई युवा कांग्रेसियों ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायतें की हैं। 9 नवंबर को राहुल गांधी ने भी SIR को वोट चोरी का हथियार बताया था वहीं मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग ने आरोप लगाए कि कांग्रेस ने खुद यूथ कांग्रेस के चुनाव में वोट चोरी की है।

## मां ने डांटा तो बेटी ने सुसाइड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में 12वीं की छात्रा ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। जानकारी के अनुसार, मां ने उसे डांटा था। इसी के बाद उसने मंगलवार रात को जहर खा लिया। बुधवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना रातीबड़ की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गांधी मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम के बाद बॉडी परिजनों को सौंप दी गई है। हालांकि पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, पायल तिलक पिता सुरेश तिलक (17) बड़झिरी गांव में रहती थी। मंगलवार की रात को घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था।

# मध्यप्रदेश की धरती पर स्वागत है निवेशकों का

### मुख्यमंत्री से मिले टोपान स्पेशलिटी फिल्म्स प्रायवेट लिमिटेड के पदाधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की पुण्यधरा पर सभी निवेशकों का हृदय से स्वागत है। निवेशकों को सरकार अपनी योजनाओं का लाभ देने के साथ इकाई या कारखाना स्थापित करने में सहयोग भी करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में टोपान स्पेशलिटी फिल्म्स प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी (जापानी समूह द्वारा अधिगृहित) के भारतीय एवं जापानी पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस कंपनी का मुख्यालय जापान एवं पंजाब में है। यह समूह करीब 950 करोड़ रुपए की लागत से धार जिले के पीथमपुर के औद्योगिक प्रक्षेत्र के सेक्टर-7 में करीब 71,200 टन सालाना क्षमता की बीओपीपी एवं सीपीटी फिल्म निर्माण इकाई स्थापित करना चाहता है। यह शत-प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रूप में होगा। इसी सिलसिले में निवेश की अग्रिम कार्यवाही के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कम्पनी पदाधिकारियों द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कम्पनी के सीएफओ एवं होल टाईम डायरेक्टर श्री अमित जैन, कमर्शियल हेड श्री रितेश तिरखा, मैनेजिंग एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री हिरोशी सुजुकी, जनरल मैनेजर श्री तासुकु सेना, सेक्टर स्टाफ श्री तोमोहिरो कोमा एवं टेक्निकल एडवाईजर श्री तोशीयुकी माकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश में निवेश की अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि कम्पनी द्वारा मध्यप्रदेश पहली बार निवेश किया जा रहा है। कम्पनी मध्यप्रदेश की निवेश प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत उपलब्ध निवेश प्रोत्साहन को अधिक से अधिक प्राप्त करना चाहती है।

## बॉलीवुड अभिनेता गोविंद नामदेव पहुंचे केंद्रीय जेल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** सागर की केंद्रीय जेल में बुधवार को राम सरोज समूह द्वारा कैदियों को सकारात्मक विचारधारा की पुस्तकें भेंट करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेता गोविंद नामदेव पहुंचे। उन्होंने कैदियों से संवाद करते हुए कहा विद्या दान महादान है, यह पहल न केवल कैदियों के जीवन को दिशा देगी बल्कि उन्हें समाज में पुनः स्थापित होने की प्रेरणा भी देगी। जेल प्रशासन की पहल पर पुस्तकालय में कई प्रसिद्ध ग्रंथ और उपन्यास रखे गए हैं। इनमें श्रीमद्भगवद गीता, डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जीवनी, कृष्ण गोपाल की भारत की संत परंपरा, मैथिलीशरण गुप्त की 'साकेत', जयशंकर प्रसाद की 'कमायनी', मुंशी प्रेमचंद की 'गोदान', 'कर्मभूमि', 'पंच परमेश्वर',सहित अन्य प्रेरक साहित्य और सामान्य ज्ञान की पुस्तकें शामिल हैं।

## डिप्टी कलेक्टर के सूने मकान से 11लाख का सोना चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल के पॉश इलाके चार इमली में रहने वाली डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह वामनकर के सूने मकान-ई-8/11 से चोर 11 लाख से अधिक के 10 तोले सोने के जेवरात, करीब 40 हजार रुपए मूल्य की 250 ग्राम चांदी की पायजेब और कीमती घड़ियां सहित अन्य सामान लेकर चंपत हो गए हैं। पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।**



हबीबगंज थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को आरोपियों के संबंध में कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस का कहना है कि उनके घर में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं हैं। टीआई संजीव चौकसे के मुताबिक अलका सिंह चार इमली में स्थित अपने सरकारी आवास में रहती हैं। करीब 15 दिन पहले पति के उपचार के सिलसिले में केरल गई थीं। इस दौरान मकान में ताले लगे हुए थे और गार्ड भी नहीं थे। अलका सिंह वर्तमान में राजस्व आयुक्त कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर के पद पदस्थ हैं। आरोपी अलका सिंह के सूने मकान से बैडरूम की अलमारी में रखा 10 तोला सोना, कीमती घड़ियों का कलेक्शन और अन्य सामान चोरी कर लिया। मंगलवार को जब वे घर लौटीं तो चोरी का खुलासा हुआ। इसके बाद उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

## कटनी के दद्दा धाम में सीएम ने टेका माथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी, एजेंसी।** कटनी के झिंझरी स्थित दद्दा धाम में चल रहे परम पूज्य दद्दा महाराज के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आज समापन होगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होने पहुंचे है। झिंझरी हेलीपैड से वे कार से सीधे धाम पहुंचे जहां उन्होंने परम पूज्य गुरुदेव पंडित देवप्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' की प्रतिमा के दर्शन किए और विधिवत मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। मुख्यमंत्री ने नव निर्मित मंदिर परिसर का अवलोकन किया और उसकी भव्यता की सराहना की। मुख्यमंत्री ने दद्दाजी के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूज्य दद्दाजी ने जगत के कल्याण के लिए धर्म और अध्यात्म का मार्ग दिखाया। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अनिरुद्धाचार्य जी और स्वामी इंद्रेश महाराज का भी अभिनंदन किया। उनके साथ जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पहले आयोजित दद्दाजी की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा विशेष रूप से शामिल हुए। दोनों ने श्रद्धा भाव से दद्दाजी की समाधि पर मत्था टेका और आशीर्वाद की कामना की।

## चौथी मंजिल से गिरी छात्रा मां बोली- हत्या हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** उसका एग्जाम था, एक दिन पहले ही उसे हॉस्टल छोड़कर आए थे। अगले दिन खबर मिली कि वो हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गई है। बेटी को होश आया तो उसने इलाज के दौरान बताया कि उसे धक्का देकर गिराया है। हॉस्टल वार्डन की बेटी प्राची टॉर्चर करती थी। ये आरोप है, उस मां का जिन्होंने अपनी 15 साल की बेटी को खो दिया। मामला रजूर गांव के माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर का है। जहां 1 नवंबर के दिन 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा पूजा किराड़े खंडवा के आदिवासी हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गई थी। खंडवा जिला अस्पताल, फिर इंदौर के निजी अस्पताल में 8 दिन इलाज चला। 9 नवंबर को छात्रा ने दम तोड़ दिया। इधर, परिजन ने कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक व सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण के नाम ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। पिता सुंदर सिंह ने कहा कि बेटी शरीर पर भी चोट के निशान मिले हैं। मामले में उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## संपादकीय

# भारत में भी बुजुर्गों की बड़ी आबादी तेजी से बढ़ रही

भारत एक मामले में दुनिया के नौवें पायदान पर बैठे रूस को भी पीछे छोड़ दिया है। दरअसल, भारत की वरिष्ठ नागरिकों की आबादी 2036 तक बढ़कर 23 करोड़ हो जाएगी, जो 2011 की संख्या से दोगुनी से भी ज्यादा है। वे एक मजबूत अर्थव्यवस्था को मज़बूत कर सकते हैं या परिवारों और सार्वजनिक सहायता प्रणालियों पर भारी बोझ बन सकते हैं। हालांकि, यह आबादी देश की मजबूत सिल्वर इकोनॉमी का आधार बन रही है। जापान के बाद भारत में भी बुजुर्गों की बड़ी आबादी तेजी से बढ़ रही है। यही नहीं पूरी दुनिया में इस वक्त बड़े देशों में यही बुजुर्ग सत्ता की बागडोर भी संभाले हुए हैं। भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग हों, इन सभी की उम्र 70 पार है और पूरी दुनिया में इन्हीं का बोलबाला है। अब अपनी बढ़ती आबादी को लेकर बुजुर्ग खुश हो सकते हैं, मगर कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनसे पार पाना है। 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश में हर जनसांख्यिकी अमीर, गरीब, युवा, वृद्ध अनिवार्य रूप से चौंका देने वाली संख्या में तब्दील हो जाती है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, 60 साल के ऊपर की भारत की बुजुर्गों आबादी 15 करोड़ हो चुकी है। यह रूस की पूरी आबादी को भी पीछे छोड़ चुकी है, क्योंकि रूस की हालिया आबादी करीब 14.6 करोड़ ही है। भारत की बुजुर्गों की यह आबादी छह खाड़ी देशों की संयुक्त जनसंख्या का ढाई गुना और चार स्कैंडिनेवियाई देशों की कुल जनसंख्या का सात गुना है। पिछले साल वरिष्ठ देखभाल पर जारी नीति आयोग के एक शोधपत्र के अनुसार, बुजुर्गों की यह विशाल संख्या एक गंभीर सामाजिक-आर्थिक वास्तविकता की ओर इशारा करती है। भारत में हर पांच में से केवल एक वरिष्ठ नागरिक के पास स्वास्थ्य बीमा है। लगभग 70% अपनी दैनिक जरूरतों के लिए आर्थिक रूप से परिवार के सदस्यों या मामूली पेंशन पर निर्भर हैं। फिर भी, देश की सिल्वर इकोनॉमी बुजुर्गों द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुएं और सेवाएं पहले से ही 73,000 करोड़ रुपए अनुमानित है और आने वाले वर्षों में इसके कई गुना बढ़ने का अनुमान है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत एक निर्णायक जनसांख्यिकीय मोड़ पर है। जहां 2036 तक वरिष्ठ नागरिकों की आबादी 23 करोड़ तक बढ़ जाएगी,जो 2011 की जनगणना के दोगुने से भी अधिक है। देश की रजत अर्थव्यवस्था एक शक्तिशाली विकास इंजन के रूप में उभर सकती है या वृद्ध आबादी परिवारों और लोक कल्याण प्रणालियों पर एक महत्वपूर्ण बोझ बन सकती है।

## OSHO कहिन

"आप जितना सरल जीवन जिएंगे, उतना ही ज्यादा खुश रहेंगे।"



## धर्म-कर्म

# किस दिन रखा जाएगा उत्पन्ना एकादशी व्रत

## नियमों को लेकर ये बातें जानते हैं आप



इस साल उत्पन्ना एकादशी का व्रत 15 नवंबर को रखा जाएगा। एकादशी तिथि का प्रारंभ 14 नवंबर को देर रात 12:49 बजे से होगा और अगले दिन एकादशी 15 नवंबर को देर रात 02:37 बजे तक रहेगी। मनाया जाएगा। इस एकादशी पर भगवान विष्णु और देवी एकादशी की पूजा की जाती है। पुराणों में एकादशी व्रत का बहुत अधिक महत्व बताया गया है। इस बार एकादशी पर फाल्गुनी नक्षत्र, विष्कुंभ योग और अभिजीत मुहूर्त का संयोग बन रहा है। इस बार एकादशी शनिवार को है, इस दिन ग्रहों का भी उत्तम संयोग बन रहा है, जिससे पूजा पाठ का उत्तम फल मिलेगा। शनिवार को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करें, उन्हें दक्षिणावर्ती शंख से अभिषेक कराएं, तुलसी मिठाई का भोग लगाएं और शनिदेव को काल तिल और तेल अर्पित करें।मार्गशीर्ष माह के कृष्णपक्ष की ग्यारस यानी ग्यारहवीं तिथि को भगवान विष्णु से एकादशी तिथि प्रकट हुईं थी, इसलिए इसे उत्पन्ना एकादशी भी कहा जाता है। पद्म पुराण के अनुसार श्रीकृष्ण ने धर्मराज युधिष्ठिर को इस एकादशी की उत्पत्ति और इसके महत्व के बारे में बताया था।

### ● किन नियमों का इस व्रत में किया जाता है पालन

कलयुग में भक्तिपूर्वक शास्त्रीय विधि के अनुसार निर्जल रहकर एकादशी का व्रत करने वाले भगवान विष्णु की कृपा पाते हैं। एकादशी व्रत के समान सब पापोंको हरने वाला तथा मनुष्यों की समस्त कामनाओं को पूरा करनेवाला व्रत है। इस व्रत में नियमों का खास ध्यान रखना चाहिए, यह व्रत दशमी से शुरू होता है और द्वादशी पर पूर्ण होता है, इस लिए दशमी को एक बार भोजन, एकादशीको निर्जल तथा द्वादशीको पारण करके मनुष्य श्रीविष्णु की कृपा पाता है। इस दिन जो व्रत रख रहे हैं, वो दशमी तिथिं को कांस के बर्तन, उड़द, मसूर, चना, कोदो, साग, मधु, पराया अन्न, दो बार भोजन ना करें, इन चीजों का त्याग कर शुद्धता का खास ध्यान रखें। इस दिन जूआ, निद्रा, पान, दांतुन, परायी निंदा, चुगली, चोरी, हिंसा, मैथुन, क्रोध ओर झूठ इन दोषों का त्याग करना चाहिए। अगर एकादशी का व्रत नहीं रखते हैं तो भी एकादशी के दिन चावल नहीं खाने चाहिए। इस व्रत में एक समय फलाहार कर सकते हैं।

Bihar

# सासाराम में स्ट्रांग रूम पर हंगामा: मतगणना स्थल में ट्रक घुसने से मची अफरातफरी, जांच हुई शुरू

**सासाराम, (एजेंसी)** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में बने मतगणना स्थल पर बुधवार की मध्य रात्रि को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ट्रक अचानक स्ट्रांग रूम परिसर के अंदर घुस गया। ट्रक को मतगणना परिसर के अंदर जाते देख मौके पर मौजूद कई प्रत्याशियों के समर्थक हंगामा करने लगे। लोगों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ देर के लिए वहां अफरातफरी और तनाव का माहौल बन गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने भी हंगामा कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया, हालांकि पुलिस ने



इस आरोप से इनकार किया है। हंगामे की सूचना मिलते ही जिला अधिकारी उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों अधिकारियों ने मौके पर ट्रक की जांच की, जिसमें खाली बक्से पाए गए। डीएम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जा रही है, और यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसपी रौशन कुमार ने लाठीचार्ज के आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है। घटना के बाद अफवाह फैल गई कि स्ट्रांग रूम में ईवीएम बदली जा रही है। इस अफवाह के बाद सातों विधानसभा क्षेत्रों के कई प्रत्याशी देर रात घटनास्थल पर पहुंच गए।

Assam

## दिल्ली धमाके को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट्स पर असम में कार्रवाई, सीएम सरमा बोले- 15 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में हुए धमाके के बाद सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट्स डालने के आरोप में असम में अब तक कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को नौ और लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले बुधवार को छह लोगों की गिरफ्तारी की खबर सामने आई थी। सीएम सरमा ने बताया कि नई गिरफ्तारियां बुधवार रात के बाद की गईं। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "दिल्ली धमाके के बाद आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के सिलसिले में अब तक असम भर में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।" उन्होंने बताया कि "बुधवार को की गई छह गिरफ्तारियों के अलावा रातभर में रफीजुल अली (बोंगाईगांव), फरीद उद्दीन लस्कर (हैलाकांडी), इनामुल इस्लाम (लखीमपुर), फिरुज अहमद उर्फ पापोन (लखीमपुर), शाहिल शोमन सिकदर उर्फ शाहिदुल इस्लाम (बारपेटा), रकीबुल सुल्तान (बारपेटा), नसीम अकबर (होसाई), तसलीम अहमद (कामरूप) और अब्दुर रहीम मोल्ला उर्फ बैप्पी हुसैन (दक्षिण सालमारा) को गिरफ्तार किया गया है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि असम पुलिस हिंसा का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ बिलकुल भी नरमी नहीं बरतेगी। इससे पहले उन्होंने बुधवार को कहा था कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया है कि जो लोग सोशल मीडिया पर धमाके का स्वागत कर रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के अलग-अलग जिलों से 35 लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा, "हम उनके संबंधों की जांच करेंगे और अगर किसी का बांग्लादेश या किसी अन्य देश से संबंध पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"

New Delhi

## हिंदी बोलने को मजबूर करना, लुंगी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली में केरल के दो छात्रों से मारपीट की घटना पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा, हम एक देश हैं। हिंदी बोलने को मजबूर करना, लुंगी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हाल ही में दिल्ली में एक व्यक्ति के साथ हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें छात्रों को हिंदी बोलने के लिए मजबूर किया गया। पारंपरिक पोशाक लुंगी पहनने पर उनका मजाक उड़ाया गया। यह घटना लाल किले के पास हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे सांस्कृतिक और नस्लीय भेदभाव के मामलों को लेकर गंभीर होना चाहिए। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा, देश में सांस्कृतिक और नस्लीय भेदभाव से लोगों को निशाना बनाना दुखद है।

New Delhi

## मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली

### अमित शाह, एनएसए डोभाल और राजनाथ भी मौजूद रहे

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। दिल्ली लाल किला धमाके के बाद मोदी ने यह बैठक ली है।**

ऑपरेशन सिंदूर के पहले भी मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली थी। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे। बैठक में दिल्ली लाल किला धमाके को लेकर बात हुई। मोदी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) की



बैठक की थी। इसके पहले PM मोदी बुधवार को भूटान यात्रा से लौटते ही एयरपोर्ट से सीधे LNJP अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अस्पताल में लाल किला धमाके में घायल लोगों से मुलाकात कर हालचाल जाने।

खेल

# विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे रोहित शर्मा?

### एमसीए ने दी बड़ी जानकारी, दिसंबर में होना है आयोजन

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अब तक मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से कोई संपर्क नहीं किया है। उन्होंने एमसीए को अब तक विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए कोई जानकारी नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा और विराट कोहली को निर्देश दिया है कि अगर दोनों वनडे टीम में बने रहना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू वनडे टूर्नामेंटों में हिस्सा लेना होगा।

### रोहित ने नहीं किया एमसीए से संपर्क

इस बीच एमसीए के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि उन्हें रोहित शर्मा की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने को लेकर कोई अपडेट नहीं मिला है। अधिकारी ने कहा, 'जहां तक




मुझे जानकारी है, इस संबंध में कोई बातचीत नहीं हुई है।' हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में हिटमैन का बल्ला जमकर गरजा था। भारत भले ही यह सीरीज 2-1 से हार था लेकिन रोहित शर्मा ने प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने तीन मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 202 रन बनाए। आखिरी मुकाबले में उन्होंने 121 रनों की नाबाद पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

### न्यूजीलैंड सीरीज से पहले रोहित-कोहली को मिलेगा लगभग 20-25 दिनों का वक्त

भारत को अगली वनडे सीरीज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलनी है। 30 नवंबर को पहला मुकाबला रांची में खेला जाएगा जबकि 3 दिसंबर और 6 दिसंबर को क्रमशः दूसरा और तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी की शुरुआत में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इन दोनों सीरीज के बीच रोहित और विराट को 20-25 दिनों का वक्त मिलेगा। उम्मीद है कि दोनों 25 दिसंबर से 18 जनवरी के बीच खेले जाने वाली विजय हजारे ट्रॉफी (घरेलू टूर्नामेंट) में खेलते नजर आएंगे। इस टूर्नामेंट के सभी मुकाबले अहमदाबाद, राजकोट, जयपुर और बंगलूरू में खेले जाएंगे।

सिनेमा

# कंगना रनोट पर राजद्रोह का केस चलेगा



आगरा में कंगना रनोट के खिलाफ किसानों के अपमान और राजद्रोह का केस चलेगा। स्पेशल जज MP-MLA लोकेश कुमार की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने कंगना के खिलाफ दायर रिवीजन याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने कहा- जिस निचली अदालत ने कंगना के केस को खारिज किया था, अब उसी कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले 10 नवंबर (सोमवार) को कोर्ट कंगना के वकीलों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कंगना के खिलाफ बीएनएस की धारा- 356 और 152 में केस चलेगा। कंगना हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद हैं। उनके खिलाफ किसानों के अपमान और राजद्रोह का केस दायर है। उन पर राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज करने की मांग की गई थी। कंगना आज तक कोर्ट में पेश नहीं हुई हैं। उनको 6 समन जारी हो चुके हैं। कंगना ने कहा, 'अगस्त 2020 से दिसंबर 2021 तक किसान काले कानूनों के विरोध में दिल्ली बॉर्डर पर धरने पर बैठे थे। उस दौरान रेप और मर्डर हुए। अगर देश का नेतृत्व मजबूत नहीं होता तो देश में बांग्लादेश जैसे हालात होते।' इसका मतलब साफ है कि उन्होंने किसानों को हत्यारा, बलात्कारी, आतंकवादी और उग्रवादी करार दिया।

## Highlights

1. CJI Gavai recalls Mathura rape case, says SC 'failed' its citizen
2. Delhi blast accused procured 2,000 kg of NPK fertiliser to make explosives: Report
3. I see fire & bodies when I close my eyes: Red Fort blast survivor
4. 8 suspects planned to carry out serial blasts in 4 Indian cities: Report
5. Pakistan is not for sane people: Pak journalist who said Pak Army is behind Delhi car blast

# After mutual funds, Mahindra and Manulife to set up life insurance JV in India

**NEW DEIHI, (Agency).** Mahindra & Mahindra Ltd. and Manulife have agreed to set up a life insurance joint venture in India, five years after they got together to sell mutual funds in the world's fourth largest stock market.

The Mahindra-Manulife life-insurance JV aims to offer long-terms savings and insurance for the hinterland, according to a statement on Thursday. The idea is to marry Mahindra's deep distribution in rural with Manulife's agency in urban to become "the #1 life insurance company for rural and semi-urban India, and serve Urban India with tailormade solutions".

Mahindra and Manulife have committed to invest ₹3,600 crore each in the JV, with ₹1,250 crore expected from each



partner in the first five years. The JV is subject to regulatory approval.

Kotak Investment Banking acted as financial adviser and AZB & Partners acted as legal counsel to Mahindra Group for this deal. Debevoise & Plimpton LLP acted as legal counsel to Manulife.

"With a focus on leveraging technology, the joint venture will build an efficient, customer-centric insurer in India," Anish Shah, Group CEO and MD at M&M, said in a statement. "We are confident that this joint venture offers a very compelling opportunity to create meaningful value for our shareholders."

To be sure, this isn't the first collaboration between one of India's largest and diversified conglomerates and the Canadian financial services company. In 2019, M&M Financial Services Ltd.—through its asset-management unit and with Manulife—set up Mahindra Manulife Mutual Fund, which came to life in the following year.

# IPO or merger? Kiran Mazumdar-Shaw weighs $4.5-billion Biocon Biologics move

**NEW DEIHI, (Agency).** Biocon Ltd. is said to be exploring merger of Biocon Biologics Ltd. with itself in a deal that would peg the valuation of the biosimilars unit at $4.5 billion, even as the option of an IPO remains on the table.

The company, led by Kiran-Mazumdar Shaw, is in advanced talks with its minority shareholders for a share swap, ET reported on Thursday citing



people aware of the matter. An option for cash and share swap is also proposed. When contacted, Shaw said Biocon is looking at all possible options—including a Biocon Biologics IPO, a merger or share swap. Morgan Stanley has been appointed to arrive at a decision.

"The valuation we were trying to get for IPO was under pressure due to acquisition debt," Shaw said, referring to Biocon Biologics' deal to buy Viatris' biosimilars business for $3.3 billion in 2022.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

### "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

**।। बाबापण्डित ।।**

**(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)**

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

### - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

**कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।**

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक